
शिक्षा का अधिकार
कलरव
1
नि:शुल्क वितरण हेतु
2019-2020

## E-BOOKS DEVELOPED BY

1. Dr.Sanjay Sinha Director SCERT,U.P,Lucknow
2. Ajay Kumar Singh J.D.SSA,SCERT,Lucknow
3. Alpa Nigam (H.T) Primary Model School, Tilauli Sardarnagar,Gorakhpur
4. Amit Sharma (A.T) U.P.S, Mahatwani ,Nawabganj, Unnao
5. Anita Vishwakarma (A.T) Primary School ,Saidpur,Pilibhit
6. Anubhav Yadav (A.T) P.S.Gulariya,Hilauli,Unnao
7. Anupam Choudhary (A.T) P.S,Naurangabad,Sahaswan,Budaun
8. Ashutosh Anand Awasthi (A.T) U.P.S,Miyanganj,Barabanki
9. Deepak Kushwaha (A.T) U.P.S,Gazaffarnagar,Hasanganz,unnao
10. Firoz Khan (A.T) P.S,Chidawak,Gulaothi,Bulandshahr
11. Gaurav Singh (A.T) U.P.S,Fatehpur Mathia,Haswa,Fatehpur
12. Hritik Verma (A.T) P.S.Sangramkheda,Hilauli,Unnao
13. Maneesh Pratap Singh (A.T) P.S.Premnagar,Fatehpur
14. Nitin Kumar Pandey (A.T) P.S, Madhyanagar, Gilaula , Shravasti
15. Pranesh Bhushan Mishra (A.T) U.P.S,Patha,Mahroni Lalitpur
16. Prashant Chaudhary (A.T) P.S.Rawana,Jalilpur,Bijnor
17. Rajeev Kumar Sahu (A.T) U.P.S.Saraigokul, Dhanpatganz ,Sultanpur
18. Shashi Kumar (A.T) P.S.Lachchhikheda,Akohari, Hilauli,Unnao
19. Shivali Gupta (A.T) U.P.S,Dhaulri,Jani,Meerut
20. Varunesh Mishra (A.T) P.S.Madanpur Paniyar,Lambhua,Sultanpur



# क्या–कहाँ ?


| | पाठ | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 1. | मेरा देश | 11 |
| 2. | बाग | 12 |
| 3. | तालाब | 17 |
| 4. | हुआ सवेरा | 19 |
| 5. | लिखने की तैयारी | 20 |
| 6. | वर्णमाला गीत | 22 |
| 7. | पतंग | 36 |
| | कितना सीखा ? | 39 |
| 8. | रसोई | 40 |
| | बारह खड़ी | 44 |
| 9. | बतख और चूजा | 46 |
| 10. | सैर सपाटा | 49 |
| 11. | गिनो, बताओ | 52 |
| | कितना सीखा ? | 56 |
| 12. | स्टेशन | 57 |
| 13. | उड़े गुब्बारे | 60 |
| 14. | जया, जगत और जुगनू | 63 |
| 15. | दादा जी | 66 |
| 16. | इकाई व दहाई | 68 |
| | कितना सीखा ? | 72 |
| 17. | लता की कक्षा | 75 |
| 18. | जाड़ा, गरमी और बरसात | 79 |
| 19. | मापन | 82 |
| 20. | चंदा मामा | 85 |
| | कितना सीखा ? | |
| 21. | मीना की दुकान | 89 |
| 22. | जूही का जन्मदिन | 91 |
| | वर्णमाला | 92 |
| | English | 93 |







बच्चों को बाग के चित्र का अवलोकन कराएँ। उनसे दूर–पास, ऊँचा–नीचा, छोटा–बड़ा से संबंधित चर्चा करें। पास–पड़ोस, घर व पालतू पशु–पक्षियों पर बातचीत करें। सरलतापूर्ण संवादों को सहज विकसित करें।




गाँव में और क्या–क्या चीजें होती हैं, इससे संबंधित बातचीत करें। शब्दों की ध्वनियों का अभ्यास कराएं।

## अभ्यास

### 1. किसका संबंध किससे ?



### 2. मीठू चली मिठाई खाने, रास्ते में क्या–क्या मिला ?



- बच्चों से ऊपर दी गई वस्तुओं का तीन समूहों में वर्गीकरण कराएँ। दैनिक जीवन में इनकी उपयोगिता पर बातचीत करें। मीठू के रास्ते पर बच्चों से अँगुली फेरने तथा रास्ते में मिली चीज़ों को बताने को कहें।

3. कौन कम, कौन ज्यादा ? कम पर ✓ लगाओ–





4. झूले से कौन पास, कौन दूर ? दूर पर ✓ लगाओ–







5. कौन छोटा, कौन बड़ा ? बड़े पर ✓ लगाओ–





6. कौन हल्का, कौन भारी ? भारी पर ✓ लगाओ–





**7. कौन ऊपर, कौन नीचे ? ऊपर पर ✓ लगाओ–**





**8. कौन अंदर, कौन बाहर ? अंदर पर ✓ लगाओ–**





9. **बताओ– कौन आगे, कौन पीछे ?**



*बच्चों में संख्या पूर्व संबोधों (छोटा–बड़ा/ऊपर–नीचे/कम–ज्यादा/दूर–पास/हल्का–भारी/अंदर–बाहर/आगे–पीछे) की समझ विकसित करें तथा चर्चा को उनके परिवेशीय अनुभवों से जोड़ें। कार्यपुस्तिका पर संबंधित अभ्यास बच्चों से कराएँ।*

# 3 तालाब



23HRRP

कोड नं०-65 राजीव प्रकाशन, प्रयागराज, उ०प्र०, सत्र 2019-2020

बच्चों से तालाब एवं अन्य जल स्रोतों की उपयोगिता, रख–रखाव पर उनके अनुभवों के आधार पर चर्चा करें। बच्चों में एक से पाँच तक की संख्याओं की समझ विकसित करें, जैसे– तालाब में कितनी बतखें हैं ........

## 1. देखो और गिनो –



1
एक





2
दो





3
तीन





4
चार





5
पाँच



*परिवेशीय ठोस वस्तुओं एवं चित्रों के माध्यम से गिनने का अभ्यास कराएँ। कार्यपुस्तिका में संबंधित अभ्यास करने का अवसर दें।*

4

# हुआ सवेरा

23HHTC








हुआ सवेरा चिड़ियाँ बोलीं,
बच्चों ने तब आँखें खोलीं।
अच्छे बच्चे मंजन करते,
मंजन करके कुल्ला करते।
कुल्ला करके मुँह को धोते,
मुँह धो करके रोज नहाते।
रोज नहाकर खाना खाते,
खाना खाकर पढ़ने जाते।



*बच्चों से उनकी दिनचर्या पर बात करें। कविता का अभ्यास हाव–भाव एवं लय से कराएँ। संतुलित दिनचर्या, स्वच्छता, सूर्योदय से पूर्व उठना, समय से पढ़ना, लिखना, खाना, खेलना आदि के महत्त्व के बारे में चित्रों की सहायता से चर्चा करें। सामान्य शिष्टाचार की जानकारी दें।*



5

# लिखने की तैयारी

## 1. अँगुली फेरो–



## 2. बिंदुओं को मिलाओ–



*बिंदु रेखाओं को फर्श, हरी पट्टी अथवा बोर्ड पर खींचकर उन पर अँगुली फेरने का अभ्यास कराएँ।*

3. अँगूठों की छाप में तुम भी कुछ चित्र बनाओ–





तितली



मछली



मकड़ी



चिड़िया



हाथी



बंदर

***बच्चों से कराएँ–*** *फर्श पर ढेरी के रूप में रखे हुए अनाज के दानों को अलग–अलग करना। अनाज के दानों को शीशी/बोतल में हाथों से भरना। दफ्ती के छिद्रों में धागा/सुतली पिरोना। दीवारों की हरी पट्टी/कॉपी पर मनचाही आकृति बनाना/ज़मीन पर अँगुली से चित्र बनाना।*

6

# वर्णमाला गीत

अनार के दाने लाल लाल।



अनार अ

आम खाते मिट्ठू लाल।



आम आ

इमली खट्टी मीठे बेर।



इमली इ

ईख के खेत से निकला शेर।



ईख ई

बिंदु मिलाओ–

अब तुम लिखो–

- वर्णमाला गीत का अभ्यास मूर्त वस्तुएँ दिखाकर हाव–भाव के साथ कराएँ। ध्वनियों एवं परिचित चित्र शब्दों से वर्णों की पहचान तथा उच्चारण का अभ्यास कराएँ। हर पृष्ठ पर दर्शाई गई वस्तुओं के चित्रों के माध्यम से शब्द तथा वर्णों का बोध कराएँ। वर्णों की आकृतियों पर अँगुली फिराने व पेंसिल से दोहराने का अभ्यास कराएँ।

उल्लू की हैं आँखें गोल।



उल्लू उ

ऊन का गोला होता गोल।



ऊन ऊ

ऋषि बैठकर
ध्यान लगाता।



ऋषि ऋ

एक बिलौटा
घर को जाता।



एक ए

ऐनक पहने
भालू आता।



ऐनक ऐ

बिंदु मिलाओ–

उ ऊ ऋ ए ऐ

अब तुम लिखो–

ओखल लाओ कूटो धान।



ओखल  ओ

औरत देखो बड़ी महान।



औरत  औ

अंगूर खाता है लंगूर।



अंगूर  अं

अः अः पक गए खजूर।



अःअः  अः

बिंदु मिलाओ–

ओ  औ  अं  अः

अब तुम लिखो–

कबूतर करता गुटर गूँ।



कबूतर क

खरगोश के सिर में खुजली क्यूँ ?



खरगोश ख

गमले में हैं सुंदर फूल।



गमला ग

घड़ी कहे, जाओ स्कूल।




घड़ी घ

ङ

बिंदु मिलाओ–

क ख ग घ ङ

अब तुम लिखो–

चना चबाकर खाओ खूब।



चना च

छाता तानो जब हो धूप।



छाता छ

जल में जाता बड़ा जहाज।



जहाज ज

झरने की झर–झर आवाज़।



झरना झ

ञ

बिंदु मिलाओ–

अब तुम लिखो–

टमाटर देखो गोल मटोल।



टमाटर ट

ठठेरा बनाए बरतन गोल।



ठठेरा ठ

डमरू बोला डम डम बोल।



डमरू ड

ण

ढम ढमा ढम बाजे ढोल।



ढोल ढ

बिंदु मिलाओ–

ट ठ ड ढ ण

अब तुम लिखो–

तबला बोले तक–तक धिन।



तबला त

थपकी देती माँ हर दिन।



थपकी थ

दही मलाई खा गई बिल्ली।



दही द

धनिया मटर
चले अब दिल्ली



धनिया ध

नल का पानी
बर्फ की सिल्ली।



नल न

बिंदु मिलाओ–

त थ द ध न

अब तुम लिखो–

यज्ञ हवा को करता शुद्ध।



# यज्ञ य

रथ पर राजा, करते युद्ध।



# रथ र

लड़की लड्डू पूड़ी खाती।



# लड़की ल

वन की छाया मन को भाती।



# वन व

बिंदु मिलाओ–

अब तुम लिखो–

शलजम मूली गाजर खाओ।



शलजम श

षटकोण का चित्र बनाओ।



षटकोण ष

सरसों के पीले हैं फूल।



सरसों स

हवा चली तो उड़ गई धूल।



हवा ह

बिंदु मिलाओ–

श ष स ह

अब तुम लिखो–

क्षमा करो प्रभु बालक जान।



क्षमा क्ष

त्रिभुज की हम कर लें पहचान।



त्रिभुज त्र

ज्ञानी करें देश का नाम।



ज्ञानी ज्ञ

श्रम का सदा करो सम्मान।



श्रम श्र

बिंदु मिलाओ–

श्र

अब तुम लिखो–

पेड़ धरा की होते शान ।



पेड़ ड़

पढ़ लिखकर हम बने महान।



पढ़ ढ़

बिंदु मिलाओ–

अब तुम लिखो–



## अभ्यास

**1. देखो, समझो और लिखो–**

| | | | |
|---|---|---|---|
|  | फल | फ | ल |
|  | नल | ---------- | ---------- |
|  | वन | ---------- | ---------- |
|  | रथ | ---------- | ---------- |

क्ष (क्+ष), त्र (त्+र), ज्ञ (ज्+ञ) तथा श्र (श्+र) संयुक्ताक्षर हैं। ड़ तथा ढ़– अतिरिक्त वर्ण हैं जो संस्कृत वर्णमाला से परम्परागत रूप से नहीं लिए गए हैं, इन्हें उत्क्षिप्त वर्ण भी कहते हैं।

## 2. पढ़ो सीखो –



| जग | |
|---|---|
| ज | ग |



| बस | |
|---|---|
| ब | स |



| श्रम | |
|---|---|
| श्र | म |

## 3. जानो – पूरा करो –

अ
ब ज
अब अज

क
ल र
कल ...

ह
म ल
... ...

## 4. (क) समझो और पढ़ो –

| फ | न | ज | प | ब | च | ह |
|---|---|---|---|---|---|---|

ल

फल नल जल पल बल चल हल

### (ख) अब तुम बनाओ –

| न | ड | क | म | प | स | फ |
|---|---|---|---|---|---|---|

र

........ ........ ........ ........ ........ ........ ........

*वाक्य से शब्द तथा शब्द से वर्ण पर आते हुए पूरी वर्णमाला की पहचान कराएँ। बिना मात्रा वाले क्रमशः दो, तीन, चार वर्णों को मिलाकर शब्द बनवाएँ। बोलने और लिखने के पर्याप्त अभ्यास कराएँ।*

**5. शिक्षिका ने बच्चों के नाम श्यामपट्ट पर लिखे। टेसू ने घेरा लगाया उन अक्षरों पर जो उसके नाम में आते हैं।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| असगर | देवेश | अंजुम | हरजीत |
| गुरमीत | झरना | अरुणा | शाहिद |
| टेकराम | आशा | अनुपम | डेजी |
| कुलदीप | राजेश | खलील | विशाल |
| शीला | हरविन्दर | नीलम | शशि |
| भगवती | पंकज | मोहन | रविन्दर |
| टोनी | बलजीत | ताहिर | देवनाथ |
| शुभम | डेविड | सुभाष | जगजीत |

- **तुम भी अपना नाम लिखो– ..........................................**

ऊपर के नामों में उन अक्षरों को घेरो, जो तुम्हारे नाम में आए हैं।

*बच्चों को उनके नाम में आए अक्षरों को घेरने में मदद करें। श्यामपट्ट पर इस प्रकार की वर्ण पहचान के और भी अभ्यास कराएँ। कक्षा में लगे चित्र, चार्टों, संदेशों में अक्षर पहचान कराएँ।*

# 7 पतंग

24PAYA





सर–सर सर–सर उड़ी पतंग,
फर–फर फर–फर उड़ी पतंग।
इसको काटा, उसको काटा,
खूब लगाया सैर सपाटा।
अब लड़ने में जुटी पतंग,
अरे कट गई, लुटी पतंग !
सर–सर सर–सर उड़ी पतंग,
फर–फर फर–फर उड़ी पतंग।

– सोहन लाल द्विवेदी



पतंगों के रंगों की पहचान कराएँ और कविता का हाव–भाव के साथ गान कराएँ।



## अभ्यास

1. **बताओ** –

   (क) कैसे उड़ी पतंग ?

   (ख) कितने बच्चों के पास पतंग?

   (ग) कितने रंगों की पतंग ?

   (घ) किन–किन रंगों की पतंग ?

   (ङ) कितनी कटी पतंग ?

2. **पढ़ो और लिखो**– सर–सर, फर–फर, सैर–सपाटा।

3. ऐसे पाँच शब्द और बोलो जिनमें **'र'** आता हो, जैसे–

   रजत, तरबूज, टमाटर ................................................

4. **'र' से मिलाकर शब्द बनाओ जैसे**– रख




| ..... ..... | ..... ..... | ..... ..... |

5. शमा को पतंग तक पहुँचाओ



6. जिन चीजों को खाते हैं, उन पर ○ बनाओ। खेलने की चीजों पर □ बनाओ–



7. रंग भरो–



*बिना मात्रा वाले शब्दों से बनने वाले परिचित वाक्यों का अभ्यास कराएँ, जैसे सरपट चल, बरतन रख आदि। आसमान में और क्या–क्या उड़ते देखा है, पर बातचीत करें।*

## कितना सीखा ?

**1. देखो और बताओ–**



कौन नीचे ?

कौन ऊपर ?



कौन अंदर ?

कौन बाहर ?

**2. देखो, गिनो और मिलाओ –**














**3. चित्र देखकर शब्द पूरा करो–**











.....नार  .....र  ....ल  .....छली  .....तंग

**4. बताओ–** सुबह से शाम तक तुम क्या–क्या करते हो ?

बच्चों से हरी पट्टी, श्यामपट्ट अथवा कॉपी पर वर्णों को लिखकर बोलने के अभ्यास कराएँ।

# 8 रसोई

24Y6ZX






**बातचीत करें**– दोनों रसोई के अंतर पर। रसोई में दिखाई गई वस्तुओं की पहचान एवं उनकी उपयोगिता पर। रसोईघर की साफ–सफाई तथा सावधानियों पर। संख्यापूर्व संबोधों का अभ्यास कराएँ। एक जैसी वस्तुओं को गिनवाएँ।



## अभ्यास

**1. रसोई में ये चीजें जितनी संख्या में हैं उतने बिंदुओं पर घेरा बनाओ–**

 • • • • •

 • • • • •

 • • • • •

 • • • • •

**2. देखो और बिंदु मिलाकर लिखो –**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | 1 | एक | एक |
| 3 | 3 | तीन | तीन |
| 5 | 5 | पाँच | पाँच |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | 2 | दो | दो |
| 4 | 4 | चार | चार |

**3. गिनो और लिखो –**

 ☐

 ☐

 ☐

 ☐

 ☐

हरी पट्टी पर 1 से 5 तक के अंकों को लिखवाने का अभ्यास कराएँ।

**4. आओ सीखें मात्राएँ –**

| स्वर | मात्रा | शब्द | | पढ़ो | |
|---|---|---|---|---|---|
| आ | ा | कार = | क ा र | बात | रात |
| इ | ि | पिता = | प ि त ा | किला | गिना |
| ई | ी | तीर = | त ी र | वीर | गीत |
| उ | ु | सुख = | स ु ख | कुल | मुख |
| ऊ | ू | फूल = | फ ू ल | धूल | दूध |
| ऋ | ृ | गृह = | ग ृ ह | कृपा | कृषि |
| ए | े | खेल = | ख े ल | तेल | खेत |
| ऐ | ै | सैर = | स ै र | पैर | बैठ |
| ओ | ो | बोल = | ब ो ल | शोर | मोर |
| औ | ौ | कौन = | क ौ न | कौन | मौज |
| अं | ं | शंख = | श ं ख | पंख | हंस |
| अः | ः | अतः = | अ त ः | प्रातः | नमः |

**5. पढ़ो और अंतर समझो –**

ं    रंग, हंस, जंगल, मंगल, अंगूर, पतंग, संग, ढंग।

ँ    रँगना, हँसना, आँख, गाँव, भँवर, पाँव, छाँव।

# बारह खड़ी

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | का | कि | की | कु | कू | के | कै | को | कौ | कं | कः |
| ख | खा | खि | खी | खु | खू | खे | खै | खो | खौ | खं | खः |
| ग | गा | गि | गी | गु | गू | गे | गै | गो | गौ | गं | गः |
| घ | घा | घि | घी | घु | घू | घे | घै | घो | घौ | घं | घः |
| च | चा | चि | ची | चु | चू | चे | चै | चो | चौ | चं | चः |
| छ | छा | छि | छी | छु | छू | छे | छै | छो | छौ | छं | छः |
| ज | जा | जि | जी | जु | जू | जे | जै | जो | जौ | जं | जः |
| झ | झा | झि | झी | झु | झू | झे | झै | झो | झौ | झं | झः |
| ट | टा | टि | टी | टु | टू | टे | टै | टो | टौ | टं | टः |
| ठ | ठा | ठि | ठी | ठु | ठू | ठे | ठै | ठो | ठौ | ठं | ठः |
| ड | डा | डि | डी | डु | डू | डे | डै | डो | डौ | डं | डः |
| ढ | ढा | ढि | ढी | ढु | ढू | ढे | ढै | ढो | ढौ | ढं | ढः |
| ण | णा | णि | णी | णु | णू | णे | णै | णो | णौ | णं | णः |
| त | ता | ति | ती | तु | तू | ते | तै | तो | तौ | तं | तः |
| थ | था | थि | थी | थु | थू | थे | थै | थो | थौ | थं | थः |
| द | दा | दि | दी | दु | दू | दे | दै | दो | दौ | दं | दः |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ध | धा | धि | धी | धु | धू | धे | धै | धो | धौ | धं | धः |
| न | ना | नि | नी | नु | नू | ने | नै | नो | नौ | नं | नः |
| प | पा | पि | पी | पु | पू | पे | पै | पो | पौ | पं | पः |
| फ | फा | फि | फी | फु | फू | फे | फै | फो | फौ | फं | फः |
| ब | बा | बि | बी | बु | बू | बे | बै | बो | बौ | बं | बः |
| भ | भा | भि | भी | भु | भू | भे | भै | भो | भौ | भं | भः |
| म | मा | मि | मी | मु | मू | मे | मै | मो | मौ | मं | मः |
| य | या | यि | यी | यु | यू | ये | यै | यो | यौ | यं | यः |
| र | रा | रि | री | रु | रू | रे | रै | रो | रौ | रं | रः |
| ल | ला | लि | ली | लु | लू | ले | लै | लो | लौ | लं | लः |
| व | वा | वि | वी | वु | वू | वे | वै | वो | वौ | वं | वः |
| श | शा | शि | शी | शु | शू | शे | शै | शो | शौ | शं | शः |
| ष | षा | षि | षी | षु | षू | षे | षै | षो | षौ | षं | षः |
| स | सा | सि | सी | सु | सू | से | सै | सो | सौ | सं | सः |
| ह | हा | हि | ही | हु | हू | हे | है | हो | हौ | हं | हः |
| क्ष | क्षा | क्षि | क्षी | क्षु | क्षू | क्षे | क्षै | क्षो | क्षौ | क्षं | क्षः |
| त्र | त्रा | त्रि | त्री | त्रु | त्रू | त्रे | त्रै | त्रो | त्रौ | त्रं | त्रः |
| ज्ञ | ज्ञा | ज्ञि | ज्ञी | ज्ञु | ज्ञू | ज्ञे | ज्ञै | ज्ञो | ज्ञौ | ज्ञं | ज्ञः |

बच्चों को बारहखड़ी से शब्द बनाने के अभ्यास कराएँ। बच्चों के नाम बारहखड़ी में खोजवाएँ।

9

# बतख और चूजा

25832K



अंडे में से बतख का बच्चा निकला।
लो, मैं आ गया–
बतख का बच्चा बोला।



एक और अंडे में से मुर्गी का
चूजा निकला। मैं भी आ गया–
चूजा बोला।



मैं घूमने जा रहा हूँ–
बतख का बच्चा बोला।
मैं भी घूमने चलूँगा–चूजा बोला।

मैं गड्ढा खोद रहा हूँ–
बतख का बच्चा बोला।
मैं भी गड्ढा खोदूँगा–चूजा बोला।





मुझे एक केंचुआ मिला–
बतख का बच्चा बोला।
मुझे भी केंचुआ मिला–चूजा बोला।



मैं तैरना चाहता हूँ–
बतख का बच्चा बोला।
मैं भी तैरूँगा– चूजा बोला।

देखो मैं तैर रहा हूँ–
बतख का बच्चा बोला।
देखो, मैं भी– चूजा बोला।





बचाओ...अचानक चूजा चिल्लाया।

बतख के बच्चे ने डूबते चूजे को
पानी से बाहर निकाला।





अब बोलो– बतख का बच्चा बोला।
क्या बोलूँ– चूजा बोला ...




कहानी में आगे क्या–क्या हुआ होगा इस पर चर्चा करें। बच्चों से जलस्रोतों, पानी की उपयोगिता एवं उनकी स्वच्छता के बारे में बातचीत करें। जल के सीमित उपयोग पर बल दें।

## अभ्यास

**बताओ–**

1. नकल करना चूजे पर कब भारी पड़ा?
2. चूजा पानी में क्यों डूबने लगा ?
3. बतख के बच्चे ने चूजे की जान कैसे बचाई ?
4. **गिनो और लिखो –**



3

5. **बिंदुओं को मिलाकर रंग भरो –**



> मात्रायुक्त शब्द बोलकर लिखने का अभ्यास भी कराएँ। 'पक्षी हमारी और हम पक्षियों की किस प्रकार मदद कर सकते हैं'– इस विषय पर बच्चों से चर्चा करें।

25GY48

# 10 सैर सपाटा

गेंद, छाता और डिब्बा तीन दोस्त थे। तीनों ऊँची पहाड़ी पर घूमने चले। रास्ते में चार पैरों वाला खरगोश मिला। चारों घूमने चल दिए।



आगे चलकर पाँच कोने वाला तारा मिला। पाँचों घूमने चल दिए।



कोड नं०-65 राजीव प्रकाशन, प्रयागराज, उ०प्र०, सत्र 2019-2020

और आगे चलने पर छह टाँग वाली चींटी मिली।

छहों घूमने चल दिए।

रास्ते में सात छल्लों वाली

इल्ली मिली।

सातों घूमने चल दिए।





उन्हें आठ पैरों वाला मकड़ा मिला।

आठों घूमने चल दिए।

आगे नौ बिंदी वाली

तितली मिली।

अब ये नौ के नौ चल

कर पहाड़ी पर पहुँचे।

सब मिलकर खूब खेले।

बोले– वाह! मज़ा आ गया।

- कक्षा में नौ–नौ बच्चों को पंक्ति अथवा घेरे में खड़ा करके उनका क्रम जैसे– पहला, दूसरा, तीसरा, चौथा...... बताएँ।
- 1 से 9 तक संख्याओं का बोध ठोस वस्तुओं तथा चित्रों से कराएँ और 1 से 9 तक के अंकों को लिखने का अभ्यास भी कराएँ।

# अभ्यास



1. **बताओ**–पहाड़ी पर सबसे पहले घूमने कौन–कौन निकले? उन्हें रास्ते में और कौन–कौन मिला ?

2. **गिनो और लिखो**–

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
|  | 6 | 6 | | छह | छह | ...... |
|  | 7 | 7 | | सात | सात | ...... |
|  | 8 | 8 | | आठ | आठ | ...... |
|  | 9 | 9 | | नौ | नौ | ...... |

3. **समूह बनाओ** –

3 घड़े



4 पत्तियाँ



4. **पढ़ो और बताओ क्या होगा, यदि** –

- गेंद खो गई तो – गेंद–बल्ला नहीं खेल पाएँगे।
- गिलास खो गया तो ?
- पेन खो गया तो ?
- मोबाइल फोन खो गया तो ?

हरी पट्टी पर 1 से 9 तक के अंकों को लिखने का अभ्यास कराएँ। किसी संख्या के ठीक पहले (पूर्ववर्ती) तथा ठीक बाद की (अनुवर्ती) संख्या और संख्याओं के घटते–बढ़ते क्रम का भी बोध कराएँ।

# 11 गिनो, बताओ

पेड़ से गिरी सूखी डाल। जबरू ने लपककर उठाई। छोटे–छोटे टुकड़े बनाए। सब टुकड़ों को मिलाकर बनाया एक गट्ठर। मिलाना माने जोड़ना।



## 1. तुम भी मिलाओ, गिनो और बताओ –



ठोस वस्तुओं के समूह को मिलाने पर उनकी संख्या में वृद्धि होने का ज्ञान कराएँ। गतिविधि द्वारा स्पष्ट करें कि 1 में 1 मिलाने पर 2 और 2 में 1 मिलाने पर 3 की संख्या बनती है। इसी प्रकार गिनती आगे बढ़ती है।

## 2. कुल मिला कर कितने?



2 और 4 मिलकर हुए 6



2 और 1 मिलकर हुए 3



___ और 2 मिलकर हुए 5



___ और ___ मिलकर हुए ___

## 3. मिलाकर हुए, कितने ?

| | | |
|---|---|---|
|  और  तीन सेब और एक सेब |  चार सेब | 3<br>+1<br>4 |
|  और  चार अमरूद और दो अमरूद | | 4<br>+2<br>____ |
|  और  छह गेंदें और तीन गेंदें | | 6<br>+3<br>____ |

## 4. घटाना माने कम होना –

माँ ने आवाज दी– छुटकी, तीन टमाटर तोड़ लाओ। छुटकी बाहर गई। पौधे पर चार टमाटर लगे थे। तीन तोड़ लिए।





5. कितने गुब्बारे बचे –



6. समझो और करो –




$$\begin{array}{r} 5 \\ -2 \\ \hline 3 \\ \hline \end{array}$$




$$\begin{array}{r} 6 \\ -3 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$




$$\begin{array}{r} 9 \\ -4 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

# कितना सीखा ?

**1. शब्द बनाओ और लिखो–**




| धुन | दिन |
|---|---|
| ................ | ................ |
| ................ | ................ |
| ................ | ................ |

**2. जोड़ो, घटाओ और लिखो –**

| | | |
|---|---|---|
| क. 3 + 4 = ____ | ख. 6 + 2 = ____ | ग. 2 + 5 = ____ |
| घ. 5 − 3 = ____ | ङ. 9 − 4 = ____ | च. 9 − 6 = ____ |

3. **बताओ–**

क. 'बतख और चूजा' कहानी में किसे अच्छा दोस्त कहोगे और क्यों ?

ख. अपनी रसोई में पकाकर खाई जाने वाली पाँच चीज़ों के नाम।

ग. जल हमारे किस–किस काम आता है ?

घ. अपने आस–पास पाए जाने वाले तीन–तीन फलों, फूलों तथा सब्ज़ियों के नाम।

ङ सैर करने कौन–कौन दोस्त गए?

**4. बतख और चूजा कहानी से उ ( ु ) तथा ऊ ( ू ) की मात्रा वाले दो–दो शब्द ढूँढ़कर लिखो–** ..............., ................, .................,

# 12 स्टेशन










सिपाही


कुली

बच्चों से कुली, पुलिस, चाय वाला, फल वाला, पुस्तक–विक्रेता, टिकट पर्यवेक्षक आदि के बारे में बातचीत करें। सावधानियों के बारे में बताएँ। बच्चों को यह बोध कराएँ कि स्टेशन पर गन्दगी नहीं फैलानी चाहिए।

रेलगाड़ी



रेलपटरी


पत्र पेटी


टिकट

## अभ्यास

1. स्टेशन के चित्र में जो नहीं हैं, उन पर घेरा लगाओ।



2. स्टेशन पर कौन क्या कर रहा है ?

3. स्टेशन पर क्या गलत हो रहा है? चित्र देखकर बताओ।

4. देखो और बताओ –



क. इंजन से तीसरे डिब्बे में कौन बैठा है ?

ख. बंदर किस डिब्बे में है ?

ग. चित्र में और कौन–कौन हैं ?

घ. खाली डिब्बे में किसे बैठाओगे ?

ङ तुम किस डिब्बे में बैठना चाहोगे ? क्यों ?

# 13

# उड़े गुब्बारे

269L96



नीतू गई बाज़ार। गुब्बारे खरीदे 4 ।



तेज हवा आई। उसका एक गुब्बारा
हाथ से छूट गया। गुब्बारे बचे 4–1= 3





उसका एक गुब्बारा चिड़िया ले गई।
गुब्बारे बचे = 3 –1 = 2



अरे! नीतू का एक गुब्बारा फूट
गया। गुब्बारे बचे = 2–1 = 1



नीतू ने एक बचा गुब्बारा आसमान में उड़ा
दिया। गुब्बारे बचे = 1–1= ?

एक भी नहीं। एक भी नहीं मतलब? शून्य। शून्य को
लिखते हैं **'0'**। नीतू के पास बचे शून्य यानी **0** गुब्बारे।

## गिनो और लिखो कप में कितनी चम्मच –




चम्मच चम्मच चम्मच चम्मच चम्मच

# शून्य का जोड़ और घटाना

 + [ ] = 

तीन पेंसिल और शून्य पेंसिल मिलकरहुईं तीन पेंसिल

3 + 0 = 3

 +  = 

शून्य चिड़िया और दो चिड़ियाँ मिलकर हुईं दो चिड़ियाँ

0 + 2 = 2

 – [ ] = 

दो पतंग में से शून्य पतंग हटाईं बचीं दो पतंग

2 – 0 = 2

 –  = [ ]

चार बोतलें चारों हट गईं बचीं शून्य बोतल

4 – 4 = 0



## अभ्यास

**खाली जगह भरो–**

1. (क) 2 + 0 = ☐ (ख) 5 + ☐ = 5 (ग) 0 + 7 = ☐

2. (क) 8 − 0 = ☐ (ख) 6 − ☐ = 6 (ग) 5 − 5 = ☐

3. (क) $\begin{array}{r} 4 \\ +0 \\ \hline \\ \hline \end{array}$ (ख) $\begin{array}{r} 0 \\ +6 \\ \hline \\ \hline \end{array}$ (ग) $\begin{array}{r} 9 \\ -0 \\ \hline \\ \hline \end{array}$

**गिनो और लिखो –**

| एक | दो | तीन | चार | पाँच | छह | सात | आठ | नौ | दस |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |






10 फूल मिलकर बने
1 दहाई फूल

दहाई की अवधारणा को स्पष्ट करने के लिए 9 *ठोस वस्तुओं में एक वस्तु मिलवाकर दहाई बनाने का अभ्यास कराएँ।*

# 14 जया, जगत और जुगनू



जया और जगत मैदान में खेल रहे थे। खेलते–खेलते अँधेरा हो गया। दोनों घर को चले।

हवा चल रही थी– साँय–साँय। तभी पीछे से आवाज आई–
झीं–झीं–झीं।
दोनों डर गए, पीछे देखा तो कुछ नहीं था। तभी सामने एक काली–सी चीज दिखाई दी।
पास जाकर देखा तो एक झाड़ी थी। झाड़ी हवा से हिल रही थी।



वे तेज चलने लगे। तभी पीछे से आवाज आई –

खटर–पटर, धप–धप,

खटर–पटर, धप–धप।

दोनों दौड़ने लगे।



खटर–पटर की आवाज तेज हुई। देखा तो एक गाय तेजी से दौड़ती आ रही थी।

गाय आगे निकल गई।



वे दोनों हँसने लगे, "अरे! हम डरे क्यों?"

तभी जगमग करता एक जुगनू आया। अहा! उजाला जया और जगत बोले।

जया और जगत जगमग करते जुगनू के पीछे–पीछे चल दिए।

## अभ्यास



1. जया और जगत क्यों डरे ?
2. तुम कब डरे ? किससे डरे ?
3. जुगनू ने जया और जगत की कैसे मदद की ?
4. **कहानी में ढूँढ़ो** – झीं–झीं, खटर–पटर, धप–धप।
5. **पढ़ो, समझो और पूरा करो** –

| | |
|---|---|
| रज़िया खाती है। | रहमान खाता है। |
| मंजीत ………………… । | डेविड ………………… । |
| ………………… पढ़ती है। | ………………… पढ़ता है। |
| ………………… गाती है। | ………………… गाता है। |

6. **इनकी आवाजें निकालो** –

मुर्गा गाय बकरी बिल्ली कुत्ता कौआ कबूतर

7. **एक जैसों को मिलाओ और नाम बताओ :**



8. **रोशनी किन–किन चीजों से होती है ?**

- घर में – …………………………………………
- घर के बाहर – …………………………………………

# 15 दादा जी

26SDCG

गाड़ी की आवाज सुनकर बच्चे घर से बाहर आए। दादा जी आए,पौधे लाए– बच्चे चिल्लाए। पौधे उतारे गए।



सारे बच्चे– प्रणाम दादा जी।

दादा जी– खुश रहो बच्चो।

गोलू– किस–किस चीज के पौधे लाए हैं दादा जी?

दादा जी– आम, नीम, जामुन और कटहल के गोलू।

नीलू– हम सब मिलकर पौधे लगाएँगे।

दादा जी – हाँ, सब लगाना।

गोलू– इन पौधों पर तो बहुत दिन बाद फल आएँगे दादा जी?

दादा जी– आज जिनके फल हम खाते हैं उन पेड़ों को भी तो किसी ने लगाया ही होगा।

सभी बच्चे– जी दादा जी। हम इनमें रोज पानी डालेंगे। खूब देखभाल करेंगे।

दादा जी– शाबाश मेरे बच्चो!



## अभ्यास

**1. बताओ–**

**क.** अपने आस–पास के पाँच पेड़ों के नाम।

**ख.** पेड़ हमारे किस–किस काम आते हैं?

**ग.** पौधे लगाते समय किन बातों का ध्यान रखना होता है?

**2. सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा करो –**

**क.** गड्ढे में पौधा............ लगाना चाहिए। (टेढ़ा/सीधा)

**ख.** पौधों की देखभाल करना.............है। (जरूरी/जरूरी नहीं)

**ग.** हर काम केवल अपने लिए......किया जाता है। (ही/ही नहीं)

**3. चित्र को देखकर बताओ–**

- बच्चे क्या कर रहे हैं ?................................................................
- क्यों कर रहे हैं ? ................................................................



*बच्चों से वृक्षों के महत्त्व पर चर्चा करें। विद्यालय में पौधे लगवाएँ। देखभाल को समिति बनाएँ।*

16

# इकाई और दहाई

2729E4

रोली, पिता जी के साथ बाजार गई। पिता जी ने दुकानदार को दस रुपये का नोट और एक का सिक्का दिया। रोली सोचने लगी, पिता जी ने कितने रुपये दिए?

वह जानती थी 9 में 1 जुड़ने पर 1 दहाई बनती है। लेकिन 1 दहाई से आगे क्या ?

| बंडल व तीली | दहाई | इकाई | संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 दहाई 1 इकाई | 1 | 1 | 11 |
| 1 दहाई 2 इकाइयाँ | 1 | 2 | 12 |
| 1 दहाई 3 इकाइयाँ | 1 | 3 | 13 |
| 1 दहाई 4 इकाइयाँ | 1 | 4 | 14 |
| 1 दहाई 5 इकाइयाँ | 1 | 5 | 15 |
| 1 दहाई 6 इकाइयाँ | 1 | 6 | 16 |
| 1 दहाई 7 इकाइयाँ | 1 | 7 | 17 |
| 1 दहाई 8 इकाइयाँ | 1 | 8 | 18 |
| 1 दहाई 9 इकाइयाँ | 1 | 9 | 19 |
| 2 दहाइयाँ शून्य इकाई | 2 | 0 | 20 |

बच्चों को इसी तरह तीलियों का बंडल बनवाते हुए 21 से 50 फिर 51 से 99 तक गिनने की समझ बनाएँ। 21–99 तक हरी–पट्टी पर लिखने व बोलने का अभ्यास कराएँ। बच्चों के समूह बनाकर भी इकाई व दहाई की अवधारणा स्पष्ट करें।

## बिंदु मिलाओ–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | |

## अभ्यास



1.(क)  ..... दहाई ..... इकाइयाँ = .....

 ..... दहाई ..... इकाइयाँ = .....

(ख)

| 19 | |
|---|---|
| ....द० | .... इ० |

| 15 | |
|---|---|
| ....द० | .... इ० |

| 14 | |
|---|---|
| ....द० | .... इ० |

2. छूटी हुई संख्याएँ लिखो–

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | | 12 | | | 15 | | | | 19 | |
| 20 | | | 17 | | | | 13 | | | 10 |

3. ठीक बाद वाली संख्या लिखो –

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | | 16 | | 19 | | 15 | |

4. ठीक पहले वाली संख्या लिखो –

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 18 | | 14 | | 11 | | 19 |

5. कितने हुए–

(क)

 +  = 

12 + 4 = .............

(ख)

18 + 2 = ☐ 13 + 5 = ☐ 16 + 3 = ☐

6. कितने बचे–



12 − 8 = ...............................

14 −11 = ☐ 19 − 7 = ☐ 16 − 13 = ☐

7. बड़ी संख्या पर घेरा लगाओ–

| 11 13 | 39 16 | 40 45 12 |
|---|---|---|

8. छोटी संख्या पर घेरा लगाओ–

| 15 5 | 31 23 | 13 7 28 |
|---|---|---|

9. मोती के पास 8 पेंसिल और सोनू के पास 6 पेंसिल हैं। उन दोनों के पास कुल कितनी पेंसिल हैं।

10. गीता की माँ बाजार से 10 केले लाईं। 4 केले गीता को दे दिए। माँ के पास कितने केले बचे ?

**11. पूरा करो और नीचे दोबारा लिखो–**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | 22 | | | 25 | | | 28 | | 30 |
| | | | | | | | | | |
| 31 | | 33 | | | 36 | | | | 40 |
| | | | | | | | | | |
| 41 | | | | 45 | | | | | 50 |
| | | | | | | | | | |

**12. आओ अब आगे की गिनती सीखें–**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 51 | 52 | 53 | 54 | 55 | 56 | 57 | 58 | 59 | 60 |
| 61 | 62 | 63 | 64 | 65 | 66 | 67 | 68 | 69 | 70 |
| 71 | 72 | 73 | 74 | 75 | 76 | 77 | 78 | 79 | 80 |
| 81 | 82 | 83 | 84 | 85 | 86 | 87 | 88 | 89 | 90 |
| 91 | 92 | 93 | 94 | 95 | 96 | 97 | 98 | 99 | 100 |

**13. अपने आस–पास पाए जाने वाले फलों के नाम लिखकर चित्र बनाओ और रंग भरो।**

# कितना सीखा ?

**1. जोड़ो और इकाई, दहाई के खाने में लिखो –**

क.  +  =

| दहाई | इकाई |
|---|---|
| | |

ख. खाली जगह भरो –

13 – 9 = ☐ 15 – 4 = ☐

**2. इनको दहाई, इकाई में लिखो**

28

| दहाई | इकाई |
|---|---|
| | |

16

| दहाई | इकाई |
|---|---|
| | |

35

| दहाई | इकाई |
|---|---|
| | |

**3. पढ़ो और चौराहे की बत्तियों का संकेत समझो –**

लाल बत्ती



**रुको**

पीली बत्ती



**तैयार रहो**

हरी बत्ती



**चलो**

**4. चित्र देख कर नाम बताओ –**



**5. जोड़कर लिखो –**

4 + 0 = ☐ 8 + 2 = ☐

**6. घटाकर लिखो –**

7 – 0 = ☐ 3 – 3 = ☐

**7. बोलो और कॉपी में लिखो –**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| डफली | बाण | पढ़ाई | किरण | चीड़ | बाढ़ |
| कंकड़ | ढम ढम | कण | चढ़ाई | बतख | दाँत |

**8.** जुगनू ने जया और जगत की क्या मदद की ? बताओ।

**9.** पढ़ो और लिखो –

रेलगाड़ी छुक–छुक चली। ........................................

झाड़ी हिल रही थी। ....................................................

**10.** डेविड फलों की डलिया लेकर चला। रास्ते में लगी ठोकर। उलट गई डेविड की डलिया। डलिया में से क्या–क्या गिरा? बताओ–



किस फल को छिलके सहित खा सकते हैं ?......................

किन फलों में रस है?..........................................................

कड़े फल कौन–कौन से हैं ?...............................................

**11. शब्द बनाओ और लिखो –**

| | | | |
|---|---|---|---|
| | ग | | .................... |
| रा | ज | न | .................... |
| | | | .................... |
| | क | | .................... |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | अ | | .................... |
| सु | ना | र | .................... |
| | | | .................... |
| | र | | .................... |

17

# लता की कक्षा

27B5FR



यह लता की कक्षा है। दीवारों पर रंग–बिरंगे चित्र बने हैं। गिनती लिखी हुई हैं। कुछ संख्याएँ मिट गई हैं, उन्हें लिखो–

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | |
| 11 | 12 | | 14 | 15 | | 17 | 18 | | 20 |
| | 22 | 23 | 24 | | 26 | | 28 | 29 | 30 |
| 31 | 32 | | 34 | | 36 | 37 | | | 40 |
| 41 | | 43 | | 45 | | 47 | | | 50 |
| 51 | | | | 55 | | | | | 60 |
| | 62 | | | | 66 | | | | 70 |
| 71 | | | 74 | | | | | 79 | |
| 81 | | | | 85 | | | | | 90 |
| | | 93 | | | | | | 99 | |



## आओ, खेलें –

4 या 6 लोग मिलकर खेलो। अपनी–अपनी गोटी आगे बनी ग्रिड के 99 वाले खाने पर रखो। पासा फेंको, गिनकर बढ़ो। बंदर वाले खाने में पहुँचने पर दो खाने पीछे जाओ। बिल्ली वाले खाने में पहुँचने पर पाँच खाने पीछे जाओ। सेब वाले खाने में पहुँचने पर तीन खाने आगे बढ़ो।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 99 | 98 | 97 |  |  | 94 |
| 93 | 92 |  | 90 | 89 | 88 |
| 87 |  | 85 | 84 |  | 82 |
| 81 | 80 | 79 |  | 77 | 76 |
| 75 | 74 |  | 72 | 71 |  |
|  | 68 | 67 | 66 | 65 | 64 |
| 63 |  | 61 | 60 | 59 |  |
| 57 | 56 | 55 |  | 53 | 52 |

ग्रिड की सहायता से बच्चों मे 1 से 99 तक तथा 99 से 1 तक की संख्याओं की समझ बनाएँ। 1 से 99 तक संख्या पर मौखिक प्रश्न भी पूछें।

## अभ्यास

**1. दी गई संख्याओं को बढ़ते क्रम में लिखो–**

(क) 37 9 23 (ख) 52 34 78

**2. दी गई संख्याओं को घटते क्रम में लिखो–**

(क) 36 93 66 (ख) 78 87 89

**3. छूटी हुई संख्याएँ लिखो –**

6 से ठीक पहले
और ठीक बाद
की संख्या –




12 के बाद
की संख्याएँ–




**4. खाली स्थान भरो –**

(क)

| | | |
|---|---|---|
| 1 2 | 1 5 | |
| + 7 | + 2 | 12 + 7 = ☐ |
| 1☐ | 1☐ | |

(ख)

| | | |
|---|---|---|
| 2 8 | 2 4 | |
| − 6 | − 3 | 28 − 6 = ☐ |
| 2☐ | ☐1 | |

5. 9 को कितनी तरह से पा सकते हो ?

जैसे– 7 + 2 = 9 .........................., ..........................,

.........................., .........................., ..........................,

6. कौन किसके बराबर –

| | |
|---|---|
| 4 + 3 | 29 – 1 |
| 15 + 1 | 9 – 2 |
| 24 + 4 | 19 – 3 |

7. गिनो और लिखो–

(क)  = ......... दहाई

(ख)  = .......... दहाई

8. लिखो, ये क्या–क्या खाते हैं –

 ..................................................

 ..................................................

 ..................................................

18

# जाड़ा, गरमी और बरसात

27K1HE



किट–किट किट–किट बजते दाँत,
निकल न पाती मुँह से बात।
थर–थर थर–थर काँपे हम,
आया जाड़ा ठिठुरे हम।।



सनन–सनन लू चलने लगती,
गरम तवे–सी धरती जलती।
आओ खाएँ बर्फ मलाई,
गरमी आई गरमी आई।।



बूँदें गिरतीं छम–छम–छम,
बिजली चमकी चम–चम–चम।
पानी बरसा टप–टप–टप,
चलो नहाएँ छप–छप–छप।।

– सूर्य कुमार पाण्डेय

# अभ्यास



**1. वाक्य पढ़ो और ऋतु का नाम लिखो–**

(क) जस्सी रेनकोट स्कूल में ही छोड़ आई। ..............................

(ख) कमलेश कंबल ओढ़ कर सोया था। ..............................

(ग) माँ ने कहा– बाहर न जाओ, लू लग जाएगी। ..............................

**2. पढ़ो और लिखो –**

| ऋतु | क्या करें ? | क्या न करें ? |
|---|---|---|
| जाड़े में | .................................. | .................................. |
| गरमी में | .................................. | .................................. |
| बरसात में | .................................. | .................................. |

**3. जया को जाड़े के मौसम में कुछ दिनों के लिए बाहर जाना है। बताओ और लिखो– वह अपने बैग में क्या–क्या रखे ?**



..................................

..................................

..................................

..................................

**4. पढ़ो, समझो और पूरा करो–**

गोकुल को गरमी भाती है, सूफी को सरदी।





गरमी में तो–
कुल्फी, शरबत ....................
.................................अहा !

गरमी में तो–
लौकी, बैंगन ......................
................................ अहा!

गरमी में तो –
तरबूज, खरबूज ..................
.................................अहा !

गरमी में तो –
नेकर, फ्रॉक ........................
............................... अहा !

सरदी में तो –
सूप, जूस ...............................
.................................... अहा!

सरदी में तो–
गाजर, गोभी .......................
....................................... अहा!

सरदी में तो–
चीकू, अमरूद .....................
................................... अहा !

सरदी में तो –
स्वेटर, मफलर ..................
...................................... अहा!

खाली स्थान में बच्चों को अन्य चीजें भरवाएँ। टोली बनाकर अभिनय कराएँ।

# मापन

फातिमा अपने पिता की दुकान पर सामान बेचने में उनका हाथ बँटा रही है। किसान 5 हाथ रस्सी माँगता है। उसके पिता किसान को हाथ से नापकर रस्सी देते हैं। फातिमा सोचती है क्या इस तरह से भी नाप सकते हैं। वह अपने पिता से पूछती है कि क्या हम लंबाई को हाथ से भी नाप सकते हैं?

हाँ बेटी, लंबाई को इस तरह भी नापा जा सकता है। जैसे– हाथ द्‌वारा, बालिश्त (बित्ता) द्‌वारा, अँगुलियों द्‌वारा और कदम द्‌वारा भी नापते हैं।













शिक्षक हाथ, कदम, बालिश्त तथा अँगुलियों से अलग–अलग नापकर दिखाएँ तथा बच्चों को भी स्वयं नापने के अवसर दें। मापन की अमानक इकाइयों की समझ विकसित करें।

## 1. अब तुम भी नापो और लिखो–

- अपने घर से पड़ोस के घर की दूरी– (कदम से ) .............
- अपनी गणित की पुस्तक की लंबाई–(बालिश्त से) ............
- अपने पेंसिल बॉक्स की चौड़ाई– (अंगुल से) ...................
- अपने घर के कमरे की चौड़ाई– (हाथ से)

## 2. नीचे दी गई लंबाइयों को आप किससे नापेंगे–

| लंबाई | किससे नापेंगे |
|---|---|
| क्रिकेट बैट की चौड़ाई | ............................... |
| अपनी पेंसिल की लंबाई | ............................... |
| अपनी कक्षा से हैंडपंप की दूरी | ............................... |
| अपने कक्षा–कक्ष की लंबाई | ............................... |
| अपनी टाट–पट्टी की लंबाई | ............................... |
| अपनी चारपाई की लंबाई | ............................... |

## 3. अनुमान लगाओ फिर जाँचो–

| वस्तु का नाम व चित्र | मेरा अनुमान | नापने पर |
|---|---|---|
| बाल्टी की ऊँचाई  | .............................. | .............................. |
| गिलास  | .............................. | .............................. |
| मेज की ऊँचाई  | .............................. | .............................. |
| पानी की बोतल की ऊँचाई  | .............................. | .............................. |

- शिक्षक बच्चों को इस बात के लिए प्रेरित करें कि अपने परिवेश की अलग–अलग वस्तुओं को अलग–अलग अमानक इकाइयों से नापें। ।

# पैटर्न समझो

**आगे बढ़ाओ–**



बच्चों को इसी प्रकार के विभिन्न पैटर्न पहचानने का अभ्यास कराएँ।

# चंदा मामा

चंदा मामा आ जाना,
साथ मुझे कल ले जाना।
कल से मेरी छुट्टी है,
ना आए तो कुट्टी है।।



चंदा मामा खाते लड्डू,
आसमान की थाली में।
लेकिन वे पीते हैं आकर,
पानी मेरी प्याली में।।

थपकी दे–दे कर जब अम्मा,
मुझे सुलाती रात में।
सो जाता चंदा मामा से,
करता–करता बात मैं।।

– द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी

## अभ्यास

1. बताओ–

क. बच्चा चंदा मामा से क्या कह रहा है?

ख. चंदा मामा लड्डू किसमें खाते हैं ?

ग. बच्चा किससे बातें करते हुए सोता है?

2. किस दुकान की मिठाई खाओगे और क्यों ?



**3. गोलाकार वस्तुओं को घेरो ◯ से। चौकोर वस्तुओं को घेरो ☐ से।**









इनमें सरकने वाली वस्तुएँ .......................... इनमें लुढ़कने वाली वस्तुएँ ..........................

- विभिन्न परिवेशीय वस्तुओं के माध्यम से गोलाकार, बेलनाकार, आयताकार व वर्गाकार की समझ विकसित करें। लुढ़कने वाली और सरकने वाली वस्तुओं की भी समझ बनाएँ।

# कितना सीखा ?

**1. बताओ–**

(क) बतख ने चूजे की जान कैसे बचाई ?

(ख) स्टेशन पर क्या–क्या सावधानियाँ रखनी चाहिए ?

(ग) पाँच अच्छी आदतें।

**2. लिखो–**

(क) यातायात के दो साधनों के नाम ....................................

(ख) रसोई की तीन चीजों के नाम ........................................

(ग) चार पालतू पशुओं के नाम ..........................................

**3. गिनती को आगे बढ़ाओ –**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | | | | | | | |
| | | | | | | | 32 |

**4. उलटी गिनती लिखो –**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | | | | | | | |
| | | | | | | | 3 |

## 5. इकाई और दहाई बताओ –

| | द. | इ. | | | द. | इ. | | | द. | इ. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 = | ☐ | ☐ | , | 48 = | ☐ | ☐ | , | 91 = | ☐ | ☐ |

## 6. बताओ कितना ?

(क)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 63 | 93 | 7 | 47 |
| +26 | +6 | +61 | +32 |
| ____ | ____ | ____ | ____ |

(ख)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 54 | 49 | 75 | 17 |
| −13 | − 5 | −4 | −6 |
| ____ | ____ | ____ | ____ |

## 7. बोलो और लिखो –

रेणुका, स्टेशन, सिपाही, पुनः, वंश, धड़ाम–धड़ाम,
आँख, पत्ता, ढक्कन, प्यारा, तंत्र, क्षमा, छाता।

.................................................................................................

.................................................................................................

21

# मीना की दुकान

28CNHC

अमन आज बहुत खुश है। आगरा से उसके चाचा जी आए हैं। शाम को रेशमा, डॉली, मोहित और तनु चाचा जी से मिलने आए। चाचा जी सभी बच्चों को लेकर मीना की दुकान से खिलौने खरीदने गए। मीना की दुकान पर खिलौनों के साथ उनके दाम भी लिखे हुए थे।




## कौन खिलौना कितने रुपये का ?



हमारे रुपये–



रुपये का चिह्न

# ₹

पहचानो और मिलाओ–

1 रुपया

5 रुपये

2 रुपये

10 रुपये



1 रुपया

5 रुपये

100 रुपये

50 रुपये

20 रुपये

10 रुपये

2 रुपये



- बच्चों से कागज के सिक्के व नोट बनवाएँ एवं उन पर बातचीत करें।
- खिलौनों के दाम के अनुसार बच्चों से सिक्के/नोट निकलवाएँ।

# 22 जूही का जन्मदिन

28LJNZ

स्कूल में जूही का जन्मदिन मनाया गया। जूही स्कूल से घर लौटी।

जूही– नमस्ते माँ। मैं आ गई।

माँ– जीती रहो, बिटिया। क्या–क्या हुआ आज ?

जूही– आज तो मजा आ गया माँ।

माँ– अच्छा! वह कैसे ?

जूही– आज स्कूल में मेरा और वैभव का जन्मदिन मनाया गया माँ।




माँ– अरे वाह, कैसे–कैसे ?

जूही– दीदी ने पहुँचते ही हमें बधाई दी।

माँ– यह तो बहुत अच्छा रहा।

जूही– हाँ माँ। फिर दीदी ने हमें मिठाई खिलाई। टॉफी भी दीं। सब बच्चों ने तालियाँ बजाईं। गाने गाए और नाचे।

माँ– सचमुच तब तो तुम्हें बहुत मजा आया होगा। तुम्हारे पिता जी भी मिठाई लेकर आने ही वाले हैं।

*बच्चों से उनके विभिन्न दैनिक अनुभवों एवं सामान्य शिष्टाचार पर बातचीत करें।*

# वर्णमाला

अ आ इ ई उ ऊ

ऋ

ए ऐ ओ औ अं अः

क ख ग घ ङ

च छ ज झ ञ

ढ़ ड़

ट ठ ड ढ ण

त थ द ध न

प फ ब भ म

य र ल व

श ष स ह

क्ष त्र ज्ञ श्र




बच्चों को वाक्य से शब्द तथा शब्द से वर्ण पर आते हुए सम्पूर्ण वर्णमाला की पुनरावृत्ति तथा पुनर्बलन कराएँ। कक्षा में लगे चित्रों चार्टों तथा संदेशों में वर्ण पहचान कराएँ।

# English



**My Name :----------------------------------------**

**My Mother's Name:-------------------------------**

**My Father's Name:-------------------------------**

**My Class Teacher's name :----------------------**

राजीव प्रकाशन, प्रयागराज, उ०प्र०, सत्र 2019-2020

# INTRODUCTION

This material is meant for our little learners beginning to learn the language for the first time. It is so designed that the children will be able to grasp new words and sounds which will help them to speak, read and write.

Ample revision should be done by the teachers and the students. After exposure to the English language, the child will be able to speak the word and recognise the colour and the pictures.

We are introducing English from the lower classes (class I and II) in order to expose the children to the language and remove the hesitation. Therefore, teaching English language will enhance the four skills of the language .

# TEACHER'S NOTE

- Wish the children and make sure that they wish you in return (for example - Good Morning, Good Afternoon, Good Evening) etc.
- Teach with actions and involve the children with active participation.
- Daily drill of Oral Work.
- The teacher should speak in English during the English period and encourage the children to do so.
- More of general conversation and activities with the children should be done (for example - May I come in, May I go out, Sorry, Thank you, Please)
- The teacher should follow the writing pattern given in the book.

# CONTENTS


| | |
|---|---|
| LET'S TALK | 96 |
| LET'S SPEAK | 97-103 |
| RHYMES 1 & 2 | 104 |
| COLOURS | 105 |
| FLOWERS | 106 |
| FRUITS AND VEGETABLES | 107 |
| BIRDS AND ANIMALS | 108 |
| RHYMES 3 & 4 | 109 |
| LET'S DO SOME ACTIONS | 110-111 |
| NUMBERS | 112-113 |
| LET'S DO | 114-115 |
| GENERAL CONVERSATION | 116 |




t

# LET'S TALK

## LESSON - 1




- बच्चों से Picture की सहायता से संबंधित चीजों पर चर्चा करें व उनके English में नाम बताएँ।

# LESSON - 2

## LET'S SPEAK



APPLE



ANT

# A



BALL



BUS

# B



CAT



CUP

# C



DUCK



DOG

# D



EGG



ELEPHANT

E



FISH



FOOT BALL

F



GOAT



GRAPES

G



HORSE



HOUSE

H




INK-POT



ICE-CREAM

# I



JUG



JOKER

# J



KITE



KEY

# K



LION



LEMON

# L



MANGO



MOBILE

M



NEST



NET

N



OWL



ORANGE

O



PARROT



PEN

P

कोड नं०-65 राजीव प्रकाशन, प्रयागराज, उ०प्र०, सत्र 2019-2020



QUEEN



QUILT

# Q



RABBIT



ROSE

# R



SHEEP



SUN

# S



TIGER



TREE

# T

# U



UMBRELLA



UNIFORM

# V



VAN



VIOLIN

# W



WELL



WATCH

# X



X-RAY



X-MAS TREE



YAK



YARN

# Y



ZEBRA



ZIP

# Z

## LET'S SING:

COME, LITTLE CHILDREN COME TO ME

I WILL TEACH YOU A B C

A B C D E F

G H I J K L

M N O P Q R

S T U V W X

Y Z



शिक्षण संकेत–

- बच्चों को Song हाव–भाव एवं लय के साथ कराएँ।



# RHYMES

## 1 A,B,C..



A, B, C...,
TUMBLE DOWN D.
THE CAT IS IN THE CUPBOARD,
AND SHE CAN'T SEE ME.





## 2 CHUBBY CHEEKS

CHUBBY CHEEKS
DIMPLE CHIN;
ROSY LIPS
TEETH WITHIN;
CURLY HAIR
VERY FAIR;
EYES ARE BLUE
LOVELY TOO,
MUMMY'S PET IS THAT YOU.
**YES, YES, YES!**



- Action के माध्यम से बच्चों को Parts of body से परिचित कराएँ।

LESSON - 3

# COLOURS

29E7TX

**Colour these words as shown in the box and picture:**



RED



BLUE



GREEN



YELLOW



WHITE



BLACK



# LESSON - 4

# FLOWERS

2HDYN3



SUNFLOWER



JASMINE



LOTUS



MARIGOLD



ROSE

शिक्षण संकेत–

- बच्चों से इन Flowers के नाम का सही Pronunciation कराएँ। इन फूलों के चित्र उनकी नोट बुक में बनवाकर कलर करवाएँ।



LESSON - 5

2HMUPQ

# FRUITS AND VEGETABLES

## FRUITS



APPLE



GRAPES



ORANGE



PAPAYA



BANANA

## VEGETABLES



TOMATO



POTATO



BRINJAL



SPINACH



PEA

शिक्षण संकेत–

- बच्चों को सही **Pronunciation** के साथ फलों एवं सब्ज़ियों के English नाम बुलवाएँ।
- बच्चों से पूछें कि उन्हें और कौन–कौन से फल एवं सब्ज़ियाँ खाना पसंद है।

LESSON - 6

2HWQRD

# BIRDS AND ANIMALS

## BIRDS



DUCK



HEN



CROW



PEACOCK



PARROT

## ANIMALS



CAT



MONKEY



GOAT



COW



HORSE

शिक्षण संकेत–

- बच्चों से सही Pronunciation के साथ इन जानवरों एवं पक्षियों के English नाम बुलवाएँ, साथ ही परिवेश में मौजूद अन्य पशु–पक्षियों के English नाम भी बताएँ।

LESSON - 6

2HHQRD

# BIRDS AND ANIMALS

## BIRDS



DUCK



HEN



CROW



PEACOCK



PARROT

## ANIMALS



CAT



MONKEY



GOAT



COW



HORSE

शिक्षण संकेत–

- बच्चों से सही Pronunciation के साथ इन जानवरों एवं पक्षियों के English नाम बुलवाएँ, साथ ही परिवेश में मौजूद अन्य पशु–पक्षियों के English नाम भी बताएँ।

# RHYMES

## 3. RINGA RINGA ROSES

RINGA RINGA ROSES,
POCKET FULL OF POSES,
RINGA RINGA ROSES,
POCKET FULL OF POSES,
HUSHA! BUSHA!
HUSHA! BUSHA!
WE ALL FALL DOWN.



## 4. HOP A LITTLE, JUMP

HOP A LITTLE,
JUMP A LITTLE,
ONE TWO THREE,

RUN A LITTLE,
SKIP A LITTLE,
TAP YOUR KNEE.



शिक्षण संकेत-बच्चों को Action के साथ करायें।

LESSON - 7

2I6LT1

# LET'S DO SOME ACTIONS



JUMP



EAT



PLAY



WALK



READ

शिक्षण संकेत–

- बच्चों को सही **Pronunciation** के साथ **Action Words** बताएँ, **Words** को बोलते हुए वैसा ही **Action** भी कराएँ।

## MATCH THE FOLLOWING :





MANGO

TIGER





ICE- CREAM



KITE

COW



JUMP



ORANGE



TOMATO



PARROT



HORSE



ROSE



READ

APPLE





HAT

LESSON - 8

# NUMBERS

2IFHUN

## LOOK, READ AND COUNT :


ONE MANGO 1


TWO KITES 2


THREE HENS 3


FOUR APPLES 4


FIVE BOOKS 5


SIX PENCILS 6


SEVEN FLOWERS 7


EIGHT BALLS 8


NINE CROWS 9


TEN ICE-CREAMS 10

शिक्षण संकेत–

- बच्चों को ठोस वस्तुओं एवं चित्रों की सहायता से English में Counting सिखाएँ।

## COUNT & MATCH :



| | |
|---|---|
| 1 | ONE |
| 4 | FOUR |
| 8 | EIGHT |
| 9 | NINE |
| 3 | THREE |
| 7 | SEVEN |

## Let's Sing :



### One, Two ....

One, Two
Buckle my shoe.
Three, four
Shut the door.
Five, six
Pick up sticks.
Seven, Eight
Lay them straight.
Nine, Ten
A big fat hen.

LESSON - 9

# LET'S DO

2IPDWB

## JOIN THE DOTS :



# READ AND WRITE :

A B C D E F G H

I J K L M N O P

Q R S T U V W X

Y Z

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F | G |
| H | I | J | K | L | M | N |
| O | P | Q | R | S | T | U |
| V | W | X | Y | Z | | |

# LESSON - 10 GENERAL CONVERSATION

2IY9XY



TEACHER : Good Morning, Children.

CHILDREN : Good Morning, Madam.

TEACHER : How are you Meenu ?

MEENU : I am fine, Madam.

TEACHER : Where do you live ?

MEENU : I live in.....

## READ ALOUD:



Brush your teeth,
to make them shine.
Comb your hair,
to look very fine.
Cut your nails,
Wash your hands to keep away germs.

*Table of Contents*

- Table of Contents
- कलरव १
- 1
- 2
- 3
- 4
- 5
- 6
- 7
- 8
- 9
- 10
- 11
- 12
- 13
- 14
- 15
- 16
- 17
- 18
- 19
- 20
- 21
- 22